अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-001

# एम.ए. समाज कार्य

प्रथम-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 1

समाजकार्य का उद्गम और विकास

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : यूरोप में समाज कार्य के इतिहास पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 02 : अफ्रीका में समाज कार्य के ऐतिहासिक विकास का वर्णन करें।

प्रश्न 03 : व्यावसायिक समाजकार्य में मूल्य और नैतिकता के महत्त्व को रेखांकित करें।

प्रश्न 04 : दूरवर्ती शिक्षा माध्यम से समाजकार्य शिक्षा में आने वाली चुनौतियों और उसके समाधान सुझाए।

प्रश्न 05 : 'सामुदायिक कार्य समाजकार्य की एक विधि और प्रक्रम है।' स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 06 : समाज कल्याण प्रशासन को परिभाषित करते हुए (POSD CORB) की अवधारणा को स्पष्ट करें।

प्रश्न 07 : सामाजिक क्रिया के कार्य को स्पष्ट करते हुए समाजकार्य में इसके महत्त्व पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 08 : वैयक्तिक समाज कार्य समाजकार्य की प्राथमिक विधि है? स्पष्ट करें।

प्रश्न 09 : समाजकार्य अनुसंधान समाज विज्ञान अनुसंधान से किस प्रकार भिन्नता और समानता रखता है, वर्णन करें।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) वैयक्तिक समाज कार्य के विकास से चरण
(ख) व्यावसायिक समाज कार्य के सिद्धांत
(ग) समाज कार्य की अवधारणा
(घ) सामान्यकारी अभ्यास

♦♦♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-002

# एम.ए. समाज कार्य

प्रथम-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 2

भारत में समाजकार्य का उद्‌गम और विकास

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : भारत में समाजकार्य के विकास में राज्य द्वारा की गई विभिन्न पहलों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 02 : ''हिन्दू धर्म संबंधित सुधार आंदोलनों ने समाजकार्य की भारत में आधारशिला रखी'' उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 03 : स्वतंत्र भारत में समाज कार्य शिक्षा में मिशनरियों की भूमिका पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 04 : गांधीय संकल्पना में समाज कार्य की अवधारणा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाले।

प्रश्न 05 : सामाजिक पुनर्निमाण का गांधीय घोषणा पत्र किन महत्वपूर्ण बिन्दुओं की तरफ हमारा ध्यान आकृष्ट करता है? प्रकाश डालें।

प्रश्न 06 : स्वतंत्रतोत्तर भारत में समाज कार्य शिक्षण में गांधी का प्रभाव किन रूपों में दिखता है? चर्चा करें।

प्रश्न 07 : राष्ट्रीय विकास में सामाजिक कार्यकताओं की भूमिका स्पष्ट करें।

प्रश्न 08 : इस्लाम धर्म में समाज कार्य के किन तत्वों पर जोर दिया जाता है ? विस्तार पूर्वक प्रकाश डालें।

प्रश्न 09 : भारतीय समुदाय के कल्याण हेतु उपनिवेशी राज्य द्वारा की गई प्रमुख पहलों पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) जैन धर्म में समाज कार्य
(ख) दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल वर्क
(ग) राजा राम मोहन राय
(घ) रचनात्मक कार्यक्रम

♦ ♦ ♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-003

# एम.ए. समाज कार्य

प्रथम-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 3

सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए सामाजिक विज्ञान अवधारणाएँ

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : समूह के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 02 : समाजीकरण के मुख्य अभिकरणों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 03 : सामाजिक नियंत्रण के अभिकरणों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 04 : व्यक्तित्व विकास में योगदान देने वाले कारकों को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 05 : सामाजिक व्यवस्था के रूप में परिवार के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 06 : जेंडर भेदभाव के सामाजिक –आर्थिक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : विवाह के उभरते रूपों और बदलते कार्यों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 08 : प्रमुख मनोसामाजिक समस्याओं की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 09 : जातिमुक्त समाज के निर्माण हेतु अपने सुझाव दीजिए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) जाति और वर्ग व्यवस्था में अंतर

(ख) आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धांत

(ग) मानव वृद्धि और विकास

(घ) परिवार मध्यस्थता के प्रमुख क्षेत्र

♦♦♦

अनुक्रमांक/नामांकन :　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　प्रश्न-पत्र कोड : MSW-004

# एम.ए. समाज कार्य

प्रथम-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 4

सामाजिक कार्य एवं सामाजिक विकास

समयावधि : **03** घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : प्रवास को परिभाषित करते हुए सामाजिक गतिकी पर इसका प्रभाव क्या पड़ता है ? प्रकाश डालें।

प्रश्न 02 : गाँवों से पलायन किस तरह की नई परेशानियाँ पैदा कर रहा है ? ग्रामीण सामाजिक जीवन के परिप्रेक्ष्य में इस पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 03 : वैश्वीकरण के सामाजिक प्रभावों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालें।

प्रश्न 04 : विकास के आर्थिक आयाम से आप क्या समझते है ? विभिन्न मान निर्देशांकों (Indicators) के हवाले से इसे समझाएँ।

प्रश्न 05 : 'विकास की आधुनिक संकल्पना से सामाजिक जीवन में व्यापक बदलाव लाया है' कैसे।

प्रश्न 06 : महिलाएँ और विकास के सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्यों पर चर्चा कीजिए।

प्रश्न 07 : हितकारी अर्थव्यवस्था की उत्पत्ति और उसके द्वारा अपनाए गए रास्ते के विषय में विस्तारपूर्वक लिखें।

प्रश्न 08 : केन्द्र और राज्यों के वैधानिक अधिकार किस प्रकार हमारे संविधान में प्रतिस्थापित हैं? उदाहरण सहित बताएँ।

प्रश्न 09 : मानसिक रूप से रूग्ण व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन सी कानूनी पहल की गई है ? विस्तार पूर्वक बताएँ।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) सतत विकास

(ख) शहरीकरण

(ग) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम,1955

(घ) मानव विकास रिपोर्ट

♦ ♦ ♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-005

# एम.ए. समाजकार्य

प्रथम-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 5

समाजकार्य प्रैक्टिकम

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : समाज कार्य प्रैक्टिकम से आप क्या समझते है ? इसके महत्व और कार्य क्षेत्र पर प्रकाश डालिये।

प्रश्न 02 : समाज कार्य व्यवहार के विश्वव्यापी और राष्ट्रीय परिदृश्य की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 03 : समाज कार्य प्रैक्टिकम संबंधी दृष्टिकोणों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 04 : भारत में प्रैक्टिकम कर रहे समाज कार्य के विद्यार्थियों को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 05 : समाज कार्य व्यवसाय के शिक्षण एवं प्रशिक्षण के वैश्विक मानकों के आधार पर क्षेत्र कार्य शिक्षा के लिए विशेष सिफारिशें क्या हैं?

प्रश्न 06 : क्षेत्र कार्य अभ्यास में दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एवं पारंपरिक प्रणाली में मतभेदों व समानताओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : दूर शिक्षा प्रणाली में समाज कार्य शिक्षा क्षेत्र में प्रायोगिक कार्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 08 : सामाजिक कार्य पर्यवेक्षण के प्रारूप और पद्धतियों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 09 : परिवार एवं समुदाय के साथ कार्य करते हुए समाज कार्य विद्यार्थी के लिए आवश्यक मार्गदर्शी तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) शिक्षा और अनुसंधान
(ख) पर्यवेक्षण में सहायक प्रकार्य
(ग) क्षेत्र कार्य संबंधी कौशल एवं सिद्धांत
(घ) गैर-सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.)

♦♦♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-006

# एम.ए. समाज कार्य

प्रथम-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 6

समाजकार्य अनुसंधान

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : समाज कार्य अनुसंधान को परिभाषित करते हुए इसके लक्ष्य को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 02 : 'परिकल्पना सामाजिक शोध प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है।' कैसे?

प्रश्न 03 : एकल विषय व्यक्ति रूपरेखा अनुसंधान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालें।

प्रश्न 04 : गुणात्मक अध्ययनों में आँकड़ो की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 05 : प्रतिचयन को परिभाषित करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों की सूची तैयार करें।

प्रश्न 06 : मूल्यांकन अनुसंधान क्या है ? इसकी प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 07 : दस्तावेज को परिभाषित करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : आंकड़ा-विश्लेषण की विभिन्न सांख्यिकीय विधियों पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 09 : संदर्भ लेखन शैली को परिभाषित करते हुए ए.पी.ए. (APA) शैली को उदाहरण सहित बताएँ।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) स्नोबाल प्रतिचयन
(ख) संरचित प्रश्नावली
(ग) टी परीक्षण
(घ) परीक्षणात्मक अनुसंधान

♦ ♦ ♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-007

# एम.ए. समाज कार्य

द्वितीय-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 1

वैयक्तिक कार्य और परामर्श : व्यक्तियों के साथ काम करना

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : मानव व्यवहार को समझने के लिए पूर्वसगिकाएं कौन-कौन सी हैं ? विस्तार पूर्वक बताइए।

प्रश्न 02 : आधुनिक समाज में व्यक्तियों की समस्याएँ सुलझाने में वैयक्तिक कार्य की भूमिका पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 03 : स्वीकृति का सिद्धांत क्या है ? इसकी सीमाएँ क्या है ?

प्रश्न 04 : निदान (आकलन) शब्द को परिभाषित करते हुए इसके प्रकारों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 05 : पर्यवेक्षण क्या है ? सामाजिक वैयक्तिक कार्य में पर्यवेक्षण के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 06 : परामर्श में समन्वेशी अवस्था की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : संज्ञानात्मक विधि की बुनियादी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए किसी एक संज्ञानात्मक विधि की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

प्रश्न 08 : सामाजिक वैयक्तिक कार्य साक्षात्कार के विभिन्न घटकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 09 : प्रभावी और नैतिक अभिलेख प्राप्त करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों को संक्षिप्त रूप से स्पष्ट करें।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) संक्षिप्तीकरण (Summarizing)
(ख) संप्रेषण
(ग) सेवार्थी
(घ) आत्म-निर्धारण का सिद्धांत

♦ ♦ ♦

अनुक्रमांक/नामांकन :　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　प्रश्न-पत्र कोड : MSW-008

# एम.ए. समाज कार्य

द्वितीय-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 2

सामाजिक समूह कार्य : समूह के साथ कार्य करना

समयावधि : **03** घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : सामाजिक समूह कार्य से आपका क्या तात्पर्य है ? समाज कार्य में इसके महत्व की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 02 : समूह कार्य के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 03 : समूह निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुऐ उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न 04 : सामाजिक समूह कार्य में प्रयुक्त होने वाले कौशल एवं तकनीक की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 05 : विभिन्न स्थापनो में सामाजिक समूह कार्य को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 06 : "भारतीय परिप्रेक्ष्य में स्व-सहायता समूहों ने स्त्रियों के सशक्तिकरण हेतु अपनी महती भूमिका निभाई है" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 07 : सामूहिक समाज कार्य में कार्यक्रम नियोजन एवं विकास पर प्रकाश डालिये?

प्रश्न 08 : नेतृत्व से आपका क्या अभिप्राय है ? समूह कार्य में नेतृत्व को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 09 : विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक समूह कार्यकर्ता की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) शैक्षिक स्थापनों में समूह कार्य

(ख) समूह कार्यकर्ता एवं समूह

(ग) समूह विकास

(घ) समूह कार्य सिद्धांत

♦ ♦ ♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSW-009

# एम.ए. समाज कार्य

द्वितीय-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 3

सामुदायिक विकास के लिए समुदाय संगठन का प्रबंधन

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : सामुदायिक कार्य किसे कहते हैं? सामुदायिक विकास में सामुदायिक कार्य के महत्व पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 02 : ग्रामीण समुदाय की रूपरेखा स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 03 : जनजातीय समुदाय की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए इस समुदाय के विकास में आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 04 : सामुदायिक संगठन में मूल्य दिग्विन्यास (Value Orientation) के महत्व की विवेचना करें।

प्रश्न 05 : सामुदायिक संगठन के इतिहास पर प्रकाश डालें।

प्रश्न 06 : ''सामाजिक क्रिया समाज-कार्य की एक प्रणाली है।'' इस कथन को पुष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : समाज कल्याण प्रशासन के सिद्धान्त एवं कार्यक्षेत्र का वर्णन करें।

प्रश्न 08 : सामाजिक नीति समाज-कल्याण प्रशासन को किस प्रकार प्रभावित करती है? प्रकाश डालें।

प्रश्न 09 : सामाजिक क्रिया की अवधारणा एवं इसके अनुप्रयोग को समझाइए।

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) जवाबदेही
(ख) सामुदायिक विकास कार्यक्रम
(ग) सामाजिक क्रिया का एकीकृत दृष्टिकोण
(घ) बाल कल्याण

♦♦♦

अनुक्रमांक/नामांकन : प्रश्न-पत्र कोड : MSWE-001

# एम.ए. समाज कार्य

द्वितीय-वर्ष (2014-15) प्रश्न-पत्र 4

एचआईवी/एड्स : कलंक, भेदभाव एवं रोकथाम

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश :** 1. **अंतिम** प्रश्न अनिवार्य है।
2. शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्न 01 : एच.आई.वी./एड्स संक्रमण की स्थितियों/चरणों को सविस्तार समझाइए।

प्रश्न 02 : एच.आई.वी./एड्स रोगियों के उपचार एवं देखभाल में आवश्यक विचारणीय पहलुओं को समझाइए।

प्रश्न 03 : महिलाओं में एच.आई.वी./एड्स रोग के संचारण के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 04 : एच.आई.वी./एड्स से पीड़ित बच्चे/बच्चियों के अधिकारों की चर्चा कीजिए।

प्रश्न 05 : एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न 06 : एक अच्छे परामर्शदाता की विशेषताएं बताइए।

प्रश्न 07 : एच.आई.वी./एड्स कानून के लिए आवश्यक वैधानिक रणनीति की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 08 : कलंक और भेदभाव की प्रक्रिया के चार प्राथमिक चरणों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 09 : सामाजिक कार्यकर्ता किशोरों में एच.आई.वी./एड्स संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए किस प्रकार हस्तक्षेप कर सकते हैं?

प्रश्न 10 : निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :
(क) एच.आई.वी./एड्स उद्भव का उपनिवेशवाद सिद्धांत
(ख) एच.आई.वी./एड्स का कार्यस्थल पर प्रभाव
(ग) यू एन एड्स
(घ) एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम में संचार की भूमिका

♦♦♦